गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ गाजियाबाद

(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपक जैन द्वारा प्राधिकरण द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड सं0–4/120 वैशाली, गाजियाबाद क्षेत्रफल 351.10 वर्ग मी० पर फास्टपास पोर्टल के माध्यम से आवेदन संख्या–GDA/BP/MS/2026-27/62660 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन, 2025 के अध्याय–15 के प्रस्तर–15.1.3 (i) (iv) व (v) में उल्लेखित है कि महायोजना भू–उपयोग अथवा अनुमोदित ले–आउट में परिभाषित भू–उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते है। प्रश्नगत स्थल मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन, 2025 में निहित प्राविधानों के अनुसार **आवासीय उपयोग में हॉस्पिटल** क्रिया किये जाने हेतु अनुमन्य है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालय, मुख्य नगर नियोजक/स्वागत कक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकता है। कार्यालय में नियत अवधि में प्राप्त होने वाले आपत्ति/सुझाव पर विचार किया जायेगा। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/ सुझाव पर विचार नहीं किया जा सकेंगा।

अपर सचिव

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @Gda Ghaziabad : gdagzb

हेल्पलाईन नं: **0120-4418384** व्हाट्सएप : **9990988004**, वेबसाईट : **www.gdaghaziabad.in**

एक सुन्दर शहर ..... हमारा संकल्प